BSC. PART - II EXAMINATION - 2008

M. B. HINDI

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें:-
(क) 'मातृभाषा का अनादर माँ के अनादर के बराबर है।' यह किसका कथन है? (ख) विनोबा भावे का जन्म किस ई0 में हुआ था? (ग) 'सर्वोदय' का शाब्दिक अर्थ क्या है? (घ) किस त्योहार को जमींदारों का त्योहार माना जाता है? (ङ) 'रघुवंश' में किस राजा के द्वारा 'गौ-सेवा' का अद्भुत आदर्श प्रस्तुत किया गया है? (च) 'दग्भिकादो' क्या है? (छ) 'पहलाम' क्या है? (ज) भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे? (झ) 'उत्तम-रक्षा' क्या है? (ञ) 'हमारा राष्ट्रभाषा प्रचार एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।' यह कथन किसका है।? (ट) क्या समाज का संगठन धर्ममूलक होना चाहिए? (ठ) U.N.O की हिन्दी क्या है? (ड) स्रोत-भाषा और लक्ष्य-भाषा का प्रयोग कहाँ होता है? (ढ) 'अनुवादक' की अँग्रेजी क्या है? (ण) 'प्रयोजनमूलक हिन्दी' नामकरण किसके द्वारा हुआ था? (त) 'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है? (थ) 'निबंध' की अंग्रेजी क्या है? (द) Registrar की हिन्दी क्या है?. (ध) क्या राजभाषा और राष्ट्रभाषा हिन्दी का स्वरूप एक है? (न) क्या काका कालेलकर मूलत: हिन्दी भाषी थे ?
2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-
(क) 'समाज और धर्म एक दूसरे के पूरक हैं।' कैसे ? सिद्ध कीजिए।
(ख) किस देश पर आक्रमण करना मानवता की सर्वमान्य नीति का उल्लंघन है। संक्षेप में अपना विचार दीजिए ।
(ग) हमें अपने जहाजों की संख्या क्यों बढ़ानी चाहिए ?
(घ) वित्त एवं वाणिज्य की भाषा के रूप में हिन्दी के स्वरूप पर विचार कीजिए।
(ङ) 'मीडिया की भाषा हिन्दी' विषय पर एक नातिदार्घ निबंध प्रस्तुत कीजिए।
3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अर्थ लिखिए:-
(क) जो परस्पर परिचय और संबंध तथा सांस्कृतिक लेनदेन हमारे पुरखों ने शुरू किया था और मध्यकाल में जिसे हमने खोया था, उसे सजीव करना अहिंसक नीति का आवश्यक अंग है।
(ख) अंग्रेजी जबान ने हम पर जो मोहिनी डाली है, उसके असर से हम अभी तक छूटे नहीं हैं। इस मोहिनी के वश होकर हमलोग हिन्दुस्तान को अपने ध्येय या मकसद की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं।
(ग) हमारे धर्म में चातुर्वर्ण्य के नाम पर ऊँच-नीच भाव पैदा हो गया। मूल चातुर्वर्ण्य एक सहकारी संस्था के नाम पर बना हुआ था- शुरू में केवल एक ही वर्ण था। ऐसा वर्णन उपनिषदों में आता है।
(घ) अहिंसा और विश्वबंधुत्व का आदर्श थोड़ा-सा भी जिन्होंने अपनाया है, ऐसे राष्ट्र आत्मरक्षा का या अपनी सरहद की रक्षा का विचार उसके अनुसार ही करेंगे।
4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच का अंग्रेजी रूप लिखिए:-
(क) भाषा (ख) प्रयोग (ग) संपादक (घ) अनुवाद (ङ) पत्रकारिता (च) प्रेषक (छ) वाणिज्य (ज) पत्राचार (झ) मानक (ञ) सेवा
5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों का वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए:-
(क) तीन-तेरह करना (ख) लोहे-चने चबाना (ग) गाल बजाना (घ) घोड़े बेचकर सोना (ङ) दिन को तारे देखना (च) खाई खोदना (छ) हरे-हरे सपने देखना (ज) आँख की किरकिरी होना (झ) सिर चकराना (ञ) हवा होना
6. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के वाक्य-प्रयोग द्वारा लिंग निर्णय कीजिए:-
(क) परीक्षा (ख) समय (ग) समाज (घ) धर्म (ङ) नीति (च) युग (छ) पुराना (ज) पर्व (झ) मोक्ष (ञ) भाषा
7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के विपरीतार्थक शब्द लिखिए-(क)हिंसा(ख)देश (ग)उपकार (घ) अपना (ङ) हित (च) देव (छ) आगम (ज) आस्तिक (झ)उत्कर्ष (ञ) अप

http://www.tmbuonline.com
http://www.tmbuonline.com